आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 21.11.2024
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- पिथौरागढ़ में आयोजित प्रादेशिक सेना भर्ती में युवाओं की भारी भीड़, जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए।
- सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और उर्वरकों की कालाबाज़ारी रोकने के निर्देश दिए।
- राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म–वेव्स की शुरूआत की।
- **और,** लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने विभिन्न मोटर मार्गों में क्रैश बैरियरों की खराब स्थिति को लेकर नाराज़गी जताई, तत्तकाल समाधान करने के निर्देश दिए।

**प्रादेशिक सेना भर्ती**

पिथौरागढ में प्रादेशिक सेना की भर्ती के लिए कई राज्यों से बड़ी संख्या में युवा पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित कई प्रदेशों से युवा टैक्सी और बसों के जरिए पिथौरागढ़ पहुंच रहे हैं। जिला मुख्यालय में हर तरफ युवाओं की भीड़ दिखाई दे रही है। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से प्रादेशिक सेना भर्ती में पहुंचने वाले युवाओं को ठहराने के साथ ही उनके खाने–पीने और वापस भेजने के लिए गाड़ियों का प्रबंध किया गया है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि शहर के 30 विद्यालयों में युवाओं के रहने की व्यवस्था की गई है। साथ ही 18 जगह लंगर लगाए गए हैं, जहां अभ्यर्थियों को निःशुल्क भोजन वितरित किया जा रहा है।
पिथौरागढ़ की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि भारी भीड़ के दबाव को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

**परीक्षा तिथि घोषणा**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 से शुरू होंगी। कक्षा 10 की परीक्षाएं 18 मार्च को जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं 4 अप्रैल को सम्पन्न होंगी।

## समझौता ज्ञापन

शोध और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने महाराणा प्रताप प्रौद्योगिकी एवं कृषि विश्वविद्यालय, राजस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों को नए अवसर मिलेंगे। वे एक–दूसरे के अनुभव और ज्ञान से लाभान्वित होंगे। समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों विश्वविद्यालयों के बीच विशेष रूप से, कृषि क्षेत्र में नवाचार और बीजों की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

## राज्य स्तरीय इंटर डायट कल्चरल मीट

बागेश्वर जिले में राज्य स्तरीय इंटर डायट कल्चरल मीट– ''उमंग'' का आयोजन किया गया है। उमंग–2024 में राज्य के तेरह जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के 96 डीएलएड प्रशिक्षु और 30 शिक्षक इस समागम में पहुंचे हैं। सम्मेलन में पहले दिन 200 से अधिक लोगों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आन्नद लिया। कार्यक्रम में अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून और हरिद्वार डायट ने प्रतिभाग किया।

## बैठक

उत्तराखंड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राष्ट्रीय खेलों की हॉकी, कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन हरिद्वार में प्रस्तावित है। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने आयोजन को लेकर हुई बैठक में सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने रोडवेज तथा रेलवे स्टेशन के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, खिलाड़ियों के आवास, खेल स्थलों और स्टेडियम को जोड़ने वाली सड़कों की मरम्मत के साथ ही खिलाड़ियों के स्टेडियम तक आवागमन के लिए रुट चार्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए। खेलों के सफल आयोजन के लिए 11 सदस्यीय सिटी कमेटी का गठन भी किया गया, जिसकी बैठक जल्द आयोजित की जाएगी।

## निर्देश

राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों को समय पर खाद और उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उर्वरकों की कालाबाज़ारी रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों की ज़िम्मेदारी सुनिश्चित करने को कहा है। देहरादून में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ खाद और उर्वरकों की उपलब्धता और आपूर्ति की समीक्षा के दौरान श्री जोशी ने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसलों की बुवाई के

समय किसानों को प्राथमिकता से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। श्री जोशी ने कृषि और उद्यान विभाग के समूह 'ग' के रिक्त पदों के परिणामों को शीघ्र जारी करने को भी कहा।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म–वेव्स

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च कर दिया है। गोवा में कल 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ–साथ वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए पुरानी यादों को ताज़ा करना है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है।

## नाराज़गी/निर्देश

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने राज्य के विभिन्न मोटर मार्गों में क्रैश बैरियरों की खराब स्थिति को लेकर नाराज़गी जताई है। उन्होंने क्रैश बैरियर के कारण सड़कों की चौड़ाई कम होने से वाहनों के पास होने में आ रही समस्या का तत्काल समाधान करने को भी कहा है। देहरादून में लोक निर्माण विभाग, बीआरओ, पीएमजीएसवाई और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सतपाल महाराज ने कहा कि देहरादून शहर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत किए जा रहे नालियों के निर्माण और उनमें निकासी की व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे ठेकेदारों का भुगतान समय से करें ताकि सड़कों के निर्माण कार्य और मरम्मत में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो।

## सड़क सुधारीकरण

प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं के तहत 118 किलोमीटर लम्बाई में सड़क मार्गो का नव निर्माण किया गया है। साथ ही 580 किलोमीटर लंबाई में मार्गो का पुनर्निर्माण और 11 पुलों का नवनिर्माण किया गया है। इसके अलावा 11 गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ा गया है। वर्ष 2024–25 में चार हजार 373 किलोमीटर लंबाई के की सापेक्ष चार हजार 422 किलोमीटर सड़कों पर पैच मरम्मत का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा के तहत नौ सौ बयानब्बे करोड़ रुपए की लागत से 297 स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष 144 काय पूरे किए जा चुके हैं। 78 कार्य प्रगति पर हैं और 67 कार्यों में निविदा की प्रक्रिया चल रही है।

## शौचालय निर्माण

चमोली ज़िले में शौचालय विहीन परिवारों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्वजल से शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। यह अभियान 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर व्यक्तिगत और सार्वजनिक शौचालयों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शौचालय विहीन परिवारों का चिन्हित कर लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केंद्रों में शौचालय की कमी का आकलन करते हुए इसका प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने बताया कि जिले में ओडीएफ स्थिति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायतों और ब्लाक कर्मियों को सम्मानित किया जाए।

## बहुउद्देशीय शिविर

चंपावत जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सरस्वती इंटर कॉलेज खटोली में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास, पशुपालन, राजस्व, पंचायती राज विभाग, सहित विभिन्न विभागो ने स्टाल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पात्र लोगों का विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और एलोपैथिक विभाग द्वारा 110 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही पशुपालन विभाग की ओर से 110 पशुओं के लिए दवा भी वितरित की गई।

## प्रोजेक्ट वीर गाथा

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एक करोड़ 76 लाख से अधिक स्कूली छात्रों ने प्रोजेक्ट वीर गाथा के चौथे चरण में भाग लिया है। विद्यार्थियों ने सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान के सम्मान में कविताएँ, पेंटिंग, निबंध और वीडियो भेजे हैं। वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता, निस्वार्थ बलिदान और साहस की प्रेरक कहानियों को प्रसारित करने के लिए वर्ष 2021 में वीर गाथा योजना शुरू की गई थी।